No. 6-1/2022-FES-ES
Government of India
Ministry of Agriculture & Farmers Welfare
Department of Agriculture & Farmers Welfare
Economics and Statistics Division
(Food Economics Section)

Room No.450, Krishi Bhawan, New Delhi
Dated:21June, 2023

**Subject: Price policy for Kharif Crops for Marketing Season 2023-24-- Fixation of Minimum Support Prices.**

Government of India has fixed the Minimum Support Prices (MSPs) for all mandated Kharif Crops (Fair Average Quality) for Marketing Season 2023-24. MSP of mandated Kharif crops for marketing season 2023-24 is as under:

*(₹ per quintal)*

| Commodity (Fair Average Quality) | Variety | Minimum Support Price |
|---|---|---|
| Paddy | Common | 2183 |
| Paddy | Grade 'A' | 2203 |
| Jowar | Hybrid | 3180 |
| | Maldandi | 3225 |
| Bajra | | 2500 |
| Ragi | | 3846 |
| Maize | | 2090 |
| Tur (Arhar) | | 7000 |
| Moong | | 8558 |
| Urad | | 6950 |
| Groundnut | | 6377 |
| Sunflower seed | | 6760 |
| Soyabean | Yellow | 4600 |
| Sesamum | | 8635 |
| Nigerseed | | 7734 |
| Cotton | Medium Staple (Staple length (mm) of 24.5 - 25.5 and Micronaire value of 4.3 - 5.1) | 6620 |
| | Long Staple (Staple length (mm) of 29.5 - 30.5 and Micronaire value of 3.5 – 4.3). | 7020 |

1.2 The prices for different variety groups of rice be derived from the MSPs of paddy on the basis of hulling/milling ratios as well as the processing and incidental charges obtaining in different states.

J/S.D./672 2/02/24
म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड
Mail क्र. 251 दि. 30.06.24
शाखा Add.(नियमन)
निस. प्रबंध संचालक
म. प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड
क्र. 921 दिनांक 31/1/24
शाखा JD (नियमन)
सहायक अपर संचालक

Scanned with OKEN Scanner

1.3. The prices of other varieties of cotton will be fixed by the Ministry of Textiles keeping in view the normal market price differentials and differentials between their staple lengths, micronaire value and other technical parameters.

1.4 In case of cereals and coarse cereals, Food Corporation of India (FCI) and other designated State Agencies would continue to provide price support to the farmers. State Governments will undertake procurement of coarse grains with the prior approval of Government and would distribute the entire procured quantity under National Food Security Act (NFSA). The subsidy will be provided only for the quantity issued under NFSA. National Agricultural Cooperative Marketing Federation of India Limited (NAFED), Small Farmers Agri – Business Consortium (SFAC) and other designated Central Agencies would continue to undertake procurement of pulses and oilseeds. Cotton Corporation of India (CCI) will be the central nodal agency for undertaking price support operations for cotton. The losses, if any, incurred by the nodal agencies in such operations may be fully reimbursed by the Government as per the guidelines.

2. The Ministries/Departments concerned are requested to take necessary action for providing price support operations as well as for wide dissemination of related information.

21/06/20

(Rishi Kant)
Deputy Economic Adviser(FE)
Tel.No. 23383798

**The Secretary,**
Department of Agriculture,
Government of.........

Copy for Information to:

**Chief Secretary,**
Government of.............

Scanned with OKEN Scanner

फा.सं. 6-1/2022-एफईएस-अ.सां.

भारत सरकार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

अर्थ एवं सांख्यिकी प्रभाग

(खाद्यान आर्थिकी अनुभाग)

कक्ष संख्या 450, कृषि भवन, नई दिल्ली

दिनांक:21-जून,2023

विषय: 2023-24 विपणन मौसम की खरीफ फसलों की मूल्य नीति- न्यूनतम समर्थन मूल्यों का निर्धारण।

भारत सरकार ने 2023-24 विपणन मौसम की सभी अधिदेशित खरीफ फसलों (उचित औसत गुणवत्ता) के न्यूनतम समर्थन मूल्यों (एमएसपी) में वृद्धि को मंजूरी दे दी है। 2023-24 विपणन मौसम की अधिदेशित खरीफ फसलों की एमएसपी का ब्यौरा निम्नलिखित है:

(₹ प्रति क्विंटल)

| जिन्स (उचित औसत गुणवत्ता) | किस्म | न्यूनतम समर्थन मूल्य |
|---|---|---|
| धान | सामान्य | 2183 |
| | ग्रेड 'ए' | 2203 |
| ज्वार | हाइब्रिड | 3180 |
| | मालदंडी | 3225 |
| बाजरा | | 2500 |
| रागी | | 3846 |
| मक्का | | 2090 |
| तूर (अरहर) | | 7000 |
| मूंग | | 8558 |
| उड़द | | 6950 |
| मूंगफली | | 6377 |
| सूरजमुखी बीज | | 6760 |
| सोयाबीन | पीला | 4600 |
| तिल | | 8635 |
| रामतिल | | 7734 |
| कपास | मध्यम रेशा (24.5 - 25.5 की लम्बाई (मि.मि.) के रेशे और 4.3 - 5.1 का माईक्रोनेयर मूल्य) | 6620 |
| | लंबा रेशा (29.5 - 30.5 की लम्बाई (मि.मि.) के रेशे और 3.5 - 4.3 का माईक्रोनेयर मूल्य) | 7020 |

Scanned with OKEN Scanner

1.2 चावल के विभिन्न किस्म समूहों का मूल्य विभिन्न राज्यों में प्रसंस्करण और संबद्ध प्रभारों के साथ-साथ हलिंग/मिलिंग अनुपात के आधार पर धान के एमएसपी से प्राप्त किया जाए।

1.3 कपास की अन्य किस्मों के मूल्य वस्त्र मंत्रालय द्वारा सामान्य बाजार मूल्य अंतरों और उनके रेशे की लंबाई, माइक्रोनेयर मूल्य और अन्य तकनीकी मानकों के बीच अंतरों को ध्यान में रखते हुए निर्धारित किए जाएंगे।

1.4 अनाजों और मोटे अनाजो के मामले में, भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) और अन्य नामित राज्य एजेन्सियां किसानों को मूल्य समर्थन उपलब्ध कराना जारी रखेंगी। राज्य सरकारें, केंद्र सरकार के पूर्व अनुमोदन से मोटे अनाजों की खरीद करेंगी और खरीदी गई संपूर्ण मात्रा का वितरण राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के तहत करेंगी। सब्सिडी केवल एनएफएसए के तहत जारी मात्रा पर ही दी जाएगी। भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ लिमिटेड (नैफेड), लघु कृषक कृषि-व्यापार संघ (एसएफएसी) और अन्य नामित केन्द्रीय एजेन्सियां दलहन और तिलहन की खरीद करना जारी रखेंगी। भारतीय कपास निगम (सीसीआई) कपास के लिए मूल्य समर्थन प्रचालन हेतु केन्द्रीय नोडल एजेन्सी होगी। ऐसे खरीद प्रचालनों में नोडल एजेंसियों को हुई हानि, यदि कोई हो, की पूर्ण प्रतिपूर्ति दिशानिर्देशों के अनुसार सरकार द्वारा की जाती है।

2. संबंधित मंत्रालयों/विभागों से अनुरोध है कि वे मूल्य समर्थन संचालन सुविधा उपलब्ध कराने के साथ-साथ संबंधित सूचना के विस्तृत प्रचार-प्रसार के लिए आवश्यक कार्रवाई करें।

(ऋषि कांत)
उप आर्थिक सलाहकार (एफई)
दूरभाष : 23383798

सचिव,
कृषि विभाग,
............राज्य सरकार

<u>प्रतिलिपि सूचनार्थ</u>:
मुख्य सचिव,........... राज्य सरकार

Scanned with OKEN Scanner